प्रादेशिक समाचार
09.12.2024 (दोपहर–1455 बजे)

झारखंड विधानसभा का चार दिनों का विशेष सत्र आज से शुरु हो गया है। पहले दिन प्रोटेम स्पीकर स्टीफन मरांडी ने नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलायी। विधानसभा में सबसे पहले बरहेट विधानसभा क्षेत्र के विधायक और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शपथ ली।
नए विधानसभा अध्यक्ष का चुनाव कल होगा। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार बुधवार को विधानसभा को संबोधित करेंगे और उसके बाद चालू वित्त वर्ष का दूसरा अनुपूरक बजट सदन में पेश किया जाएगा।

******************

सत्र में भाग लेने पहुंचे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने पत्रकारों से कहा कि एनडीए सशक्त विपक्ष की भूमिका निभायेगा। श्री मरांडी ने कहा कि विपक्ष सरकार के हर कदम की पहरेदारी करेगा।

******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत में हर क्षेत्र में तेजी से विकास हो रहा है। जयपुर में राईजिंग राजस्थान वैश्विक निवेश सम्मेलन का उद्‌घाटन करते हुए श्री मोदी ने कहा कि हम सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन का मंत्र लेकर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत पांचवी सबसे बडी अर्थव्यवस्था बन गया है। श्री मोदी ने कहा कि भारत ने मैनुफैक्चरिंग के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता का संकल्प लिया है।

******************

देवघर बाबा मंदिर के गर्भगृह और शिवलिंग की पौराणिकता से छेड़छाड़ का आरोप मंदिर के पुरोहितों ने लगाया है। जिला प्रशासन ने इसे गंभीरता से लिया है। उपायुक्त विशाल सागर ने मामले की जांच के आदेश दिये हैं। उन्होंने मंदिर प्रभारी सह देवघर के अनुमंडल पदाधिकारी से जांच प्रतिवेदन मांगा है। उपायुक्त ने कहा है कि जांच में दोषी पाये जाने वाले कर्मियों पर कार्रवाई की जायेगी।

******************

राज्य के 58 हजार पारा शिक्षकों के मानदेय में जनवरी 2025 से चार फीसदी की बढ़ोतरी होगी। इस सिलसिले में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने सभी जिलों के उपायुक्तों को पत्र जारी किया है। पत्र में कहा गया है कि प्रतिवर्ष मानदेय में तय राशि की बढ़ोतरी की जायेगी। राज्य के शहरी क्षेत्र के स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों को दो वर्ष और बाकी शिक्षकों को एक वर्ष के एरियर राशि का भुगतान किया जायेगा।

******************

रक्षा राज्य मंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ से 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कांके थाना क्षेत्र के होचर निवासी मिन्हाजुल अंसारी ने पूछताछ में अपना अपराध कबूल किया है।

******************

बंगाल की खाड़ी में बने पश्चिमी विक्षोभ का असर झारखंड में दिखने लगा है। राजधानी रांची, पलामू, चाइबासा, गुमला, रामगढ़ और बोकारो समेत राज्य के कई हिस्सों में आज दिन की शुरुआत घने कोहरे से हुई। रांची समेत कई जिलों में बारिश भी हो रही है। मौसम विभाग ने अगले चार दिनों तक राज्यभर में घना कोहरा छाने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है।

******************

भोपाल में आयोजित दिव्यांग महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में झारखंड की टीम उपविजेता बनी है। फाइनल के रोमांचक मुकाबले में झारखंड की टीम को मध्य प्रदेश के हाथों पांच रन से हार का सामना करना पड़ा। झारखंड की कप्तान संयुक्ता एक्का को प्लेयर ऑफ द सीरीज और सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज का पुरस्कार दिया गया। महिमा उरांव को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज घोषित किया गया।

*******समाप्त*********